हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025

4 संकट में किसानों का टोकन, हंगामा के साथ सड़क पर किया चक्काजाम





## खबर संक्षेप



### पौष माह शुरू दूसरे सप्ताह से लग जाएगा खरमास

**रायगढ़।** हिंदू माह का दसवां महीना पौष माह 5 जनवरी से शुरू हो चुका है। यह महीना सूर्य पूजा और पितृ तर्पण के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। माह के दूसरे सप्ताह से ही खरमास की भी शुरूआत हो जाएगी, जिसके कारण मांगलिक कार्यो पर एक माह तक के लिए रोक लग जाएगी । ऐसा माना जाता है कि पौष माह में पूजा पाठ, दान धर्म और ध्यान का फल कई गुना बढ़ जाता है। जो भी व्यक्ति इस महीनें में नियम, संयम और भक्ति का पालन करता है, उसे विशेष रूप से भगवान विष्णु, सूर्य देव और देवी लक्ष्मी का आर्शीवाद प्राप्त होता है। पौष माह का धार्मिक महत्व भी है। यह माह भगवान सूर्यदेव को समर्पित होता है। इस महीने पिंडदान, तर्पण और श्राध्द का विशेष महत्व है। वहीं पौष माह में अगले एक महीने तक गृहप्रवेश, शादी जैसे तमाम प्रकार के मांगलिक कार्यो पर रोक लग जाता है। हालांकि इस माह में पूजा पाठ समेत कई धार्मिक कार्य संपन्न किये जाते हैं। इस माह के प्रमुख व्रत त्योहारों में 7 दिसंबर को अखुरथ संकष्टी चतुर्थी, 11 को कालाष्टमी, 15 को सफला एकादशी, 16 को खरमास की शुरूआत, 18 को मासिक शिवरात्रि, 27 को गुरू गोविंद सिंह जयंती,30 को पुत्रदा एकादशी सहित कई अन्य प्रमुख त्योहार एवं पर्व इस माह में मनायें जायेंगे।

### अस्थायी प्रशिक्षक के लिए 15 तक आवेदन

**रायगढ़।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी द्वारा जल वितरण संचालक कोर्स में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु अस्थायी प्रशिक्षक इम्पैनलमेंट के लिए योग्य आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

### जल संरक्षण पर बनाएं रील मिलेगा 50 हजार का इनाम

**रायगढ़।** जल संरक्षण और वॉटरशेड विकास कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से भूमि संसाधन विभाग द्वारा वॉटरशेड महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव के अंतर्गत रायगढ़ जिले में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के साथ सोशल मीडिया प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता 31 दिसम्बर तक सक्रिय रहेगी। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक प्रतिभागी जल संचय संरचनाएं, बागवानी, कृषि वानिकी, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना डब्ल्यूडीसी 1.0 एवं 2.0 सहित जलग्रहण योजनाओं से निर्मित संरचनाओं और उनसे लाभान्वित हितग्राहियों को दर्शाते हुए 30 से 60 सेकंड का लघु वीडियो, रील या फोटो तैयार कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन करना होगा तथा अपने कंटेंट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निर्धारित हैशटैग के साथ पोस्ट करना अनिवार्य रहेगा। प्रतियोगिता अवधि समाप्त होने के बाद प्रतिभागियों को 31 जनवरी शाम 6 बजे तक अपने पोस्ट के रिचए व्यूए एंगेजमेंट, लाइक एवं कमेंट का स्क्रीनशॉट पोर्टल पर अपलोड करना होगा। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट पर पर उपलब्ध है। विभाग द्वारा सर्वश्रेष्ठ रील के लिए 50 हजार रुपये तथा सर्वश्रेष्ठ फोटो के लिए 01 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। विजेताओं का चयन रीच, एंगेजमेंट, रचनात्मकता और मौलिकता के आधार पर किया जाएगा।

# असाक्षरों को घर-घर जाकर दिया न्यौता, आज परीक्षा देने जरुर आना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

- आज उल्लास परीक्षा महाभियान, जिले में 20 हजार लोग देंगे परीक्षा

शादी-विवाह के साथ अन्य मंगल कार्यक्रमों के लिए कोई निमंत्रण देने पहुंचे तो आश्चर्य नहीं, लेकिन परीक्षा देने के लिए घर-घर न्यौता बांटे तो यह किसी आश्चर्य से कम नहीं। यह नजारा शनिवार को जिले के सभी ब्लॉकों में देखने को मिला। दरअसल आज उल्लास परीक्षा महाभियान है। इसमें जिले के करीब 20 हजार लोग परीक्षा देंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग और





साक्षरता में काम करने वाले लोग घर-घर पहुंचे और उनको निमंत्रण दिया। कहा गया आज उल्लास परीक्षा महाभियान है। इसमें परीक्षा देने जरुर आना। इस परीक्षा में 15 से अधिक उम्र के लोग शामिल होंगे।

इनकी पोर्टल में पहले से ही एंट्री है। जो लोग इस परीक्षा में शामिल होकर पास होंगे उनको एनआईएस संस्था की ओर से सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस परीक्षा के लिए जिले में करीब 20 हजार का टारगेट है। बीते 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में पोर्टल में जिनकी एंट्री है उनको परीक्षा में बैठाया जाएगा।

जिले में हजारों परीक्षा सेंटर बनाए गए हैं। कारण कौन गांव में कितने परीक्षार्थी यह पता नहीं चल पाता है। ऐसे में हर गांव में एक या दो परीक्षा सेंटर बनाए गए हैं। यहां आकर लोग परीक्षा देंगे।

### कभी भी आ सकते हैं परीक्षा देने

खास बात यह है कि इसके लिए निर्धारित अवधि में किसी भी समय आकर परीक्षा दे सकते हैं। सुबह 10 बजे से परीक्षा शुरु होगी और शाम 5 बजे तक चलेगी। इस दौरान किसी भी समय परीक्षा में शामिल होने की सुविधा दी गई है। इस दौरान कोई यदि काम करने गया है तो वह आराम से शाम को परीक्षा दे सकता है। दूसरी ओर लोग उत्साहित हो और परीक्षा में शामिल हों इसी उद्देश्य से हर गांव में स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर जागरुकता संदेश दिया।

## रुपए नहीं मिलने पर युवक को आरोपी बना कर भेजा जेल, जिंदल यार्ड से हुई थी लोहे की चोरी

# पुलिस पर डेढ़ लाख रिश्वत मांगने का आरोप ग्रामीणों ने घेरा थाना और मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल कंपनी के ग्राम कलमी स्थित डंपिंग यार्ड से लोहा चोरी मामले में कोतरारोड पुलिस पर एक युवक को आरोपी नहीं बनाने के नाम पर डेढ़ लाख रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। युवक द्वारा रूपए नहीं दे पाने से उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। ऐसे में गुस्साए ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया।

शनिवार की दोपहर कोतरारोड थाने में उस वक्त हड़कंप मच गया जब कलमी गांव के दर्जनों महिला-पुरुष व युवा ट्रैक्टर, दो पहिया वाहन में थाना पहुंचे। इसके बाद हंगामा मचाते हुए थाने का घेराव कर दिया। ग्रामीण पुलिस पर प्रताड़ना और रिश्वत मांगने का आरोप लगा रहे थे। स्थानीय युवक अजय डनसेना ने बताया कि 1 नवम्बर को



कलमी स्थित जिंदल कंपनी के यार्ड से लोहे की चोरी मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया था। इसके कुछ दिन बाद गांव के रमेश सिदार को आरोपी बना कर जेल भेज दिया गया। वहीं अब पुलिस द्वारा गांव के रमेश यादव को पकड़ लिया गया है। अब पुलिस कह रही है कि रमेश सिदार आरोपी नहीं बल्कि रमेश यादव आरोपी है। जिससे रमेश सिदार के साथ ज़्यादती हुई है और उसे बेवजह जेल जाना पड़ा है। अजय सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस द्वारा मामला रफा दफा करने के एवज में रमेश यादव से डेढ़ लाख रूपए की मांग की गई। जब वह रुपए नहीं दे सका तो उसे आरोपी बना कर गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर जेल भेज दिया गया। ग्रामीणों द्वारा थाने के भीतर और बाहर हंगामा मचाने की जानकारी पाकर डीएसपी सुशांतो बनर्जी भी मौके पर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनसे भी बहसबाजी की।

### पुलिस पर धमकाने का आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब वो पुलिस के समक्ष अपनी बात रख रहे थे तब कुछ पुलिसकर्मी उन्हें धमका रहे थे। उनके द्वारा कहा जा रहा था कि चोरी मामले में आरोपी अज्ञात हैं, जो ज्यादा बात करेगा उसे आरोपी बना कर जेल भेज दिया जाएगा।

### आज जाएंगे एसपी ऑफिस

ग्रामीणों ने कहा कि थाना घेराव के बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई, ऐसे में वो रविवार को पंचायत में बैठक करेंगे। इसके बाद सभी पंच और सरपंच के लेटर पेड में आवेदन लिखकर गांव के ग्रामीण एसपी ऑफिस जाएंगे।

### चल रही है जांच

कलमी स्थित जिंदल के डंपिंग यार्ड से लोहे के चोरी मामले में रमेश यादव के खिलाफ साक्ष्य मिलने पर उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। इसी बात को लेकर ग्रामीण शनिवार को थाना पहुंचे थे, उनका कहना था कि रमेश यादव अपराध में शामिल नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सुशांतो बनर्जी**
डीएसपी, पुलिस प्रवक्ता

### 3 दिनों में 7 प्रकरणों से 7,290 क्विंटल धान जब्त

**रायगढ़।** तीन दिनों के भीतर अवैध भंडारण के 7 नए प्रकरणों में 7 हजार 290 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। प्रशासन की अब तक की कार्रवाई में कुल 116 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। जिनमें 27 हजार 738.80 क्विंटल धान की जब्ती की गई है। जानकारी के मुताबिक विकासखण्ड खरसिया के ग्राम.गोड़बोरदी में पीयूष गबेल के गोदाम में रखे 224 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसी तरह विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम.सोखामुड़ा में रामकुमार मांझी के यहां 60 क्विंटल धान भंडारित पाया गया। ग्राम.लिप्ती में अन्नपूर्णा राईस मिल में अवैध रुप से रखे 350 क्विंटल धान, ग्राम.पोढीछाल में ज्ञानदास के यहां 220 क्विंटल, ग्राम.दुर्गापुर में शंकर महंत के द्वारा पिकअप वाहन में 36 क्विंटल धान परिवहन करते पाया गया। इसी तरह विकासखण्ड पुसौर में औचक निरीक्षण के दौरान ग्राम.सुपा में एग्रो राइस में 4 हजार 400 क्विंटल जब्त किया।

# अमानक हुआ धान तो किसान ने दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दो दिन पहले लैलूंगा के केशला 100 में धान खरीदी के वक्त एक ऐसी घटना घटी की किसान के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराने की नौबत आ गई। किसान रबी सीजन का धान लेकर आया था। शक होने पर नमी की जांच की गई तो पता चला पुराना धान है।

5 दिसंबर को सेवा सहकारी समिति केशला में एक किसान मोबाइल ऐप के माध्यम से टोकन काटकर लाए गए धान की गुणवत्ता और उसकी वास्तविकता पर संदेह हुआ। जिला स्तरीय एवं उपार्जन केन्द्र के नोडल अधिकारियों ने जब संबंधित धान की जांच की, तो पाया गया कि कृषक हिमांचल चौहान द्वारा लाया गया धान पुरानी रबी फसल का है। निरीक्षण में धान की नमी मात्र 12.2 प्रतिशत पाई गई, जबकि मौके पर कृषक ने स्वयं स्वीकार किया कि धान पूर्व सीजन का है। यह जानकारी तुरंत उच्च अधिकारियों को दी गई और तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी लैलूंगा को मौके पर बुलाया गया। तहसीलदार लैलूंगा द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान स्पष्ट हुआ कि हिमांचल चौहान ने मोबाइल ऐप के माध्यम से 100 क्विंटल का टोकन कटवाकर धान लाया था। जब पुराने धान को नियमों के अनुसार जप्त किया गयाए तो कृषक द्वारा न केवल सहयोग से इंकार किया गया, बल्कि समिति परिसर में अभद्र व्यवहार भी किया गया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कृषक ने जब्त धान और ट्रैक्टर को पेट्रोल डालकर जलाने की धमकी तक दे डाली। इसके बाद वह मौके से धान और ट्रैक्टर वहीं छोड़कर फरार हो गया। अमानक धान तथा ट्रैक्टर को तहसीलदार लैलूंगा द्वारा नियमानुसार जब्त कर समिति प्रबंधक की सुपुर्दगी में दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, किसान द्वारा किया गया यह कृत्य परिशांति भंग होने की आशंका उत्पन्न करने वाला है। इस पूरे प्रकरण के आधार पर संबंधित कृषक के विरुद्ध थाना लैलूंगा में 126/135 बीएनएसएस के तहत

**नई गाइडलाइन आने के बाद कई पुराने लोगों ने भी जमा नहीं किए दस्तावेज**

# महीने भर में ही 30 फीसदी कम हो गया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

20 नवंबर से लागू नई गाइडलाइन और 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री पर रोक के बाद उप पंजीयक कार्यालय में पहुंचने वाले लोगों में लगातार ही कमी देखने को मिल रहा है। जिले मे प्रतिसाल 10 हजार से अधिक रजिस्ट्रियां होती है, जिससे शासन को अच्छी खासी आय भी होती है।

रायगढ़ कलेक्ट्रेड स्थित पंजीयक कार्यालय में ही अकेले सिर्फ प्रतिदिन 10 से 15 रजिस्ट्री का औसत है लेकिन इन दिनों पंजीयक कार्यालय सूना नजर आ रहा है। ना पहले की तरह हलचल दिखाई दे रही है और ना लोगों में पंजीयन करानें को लेकर दिलचस्पी नजर आ रही है। इसका प्रमुख कारण जमीनों का कलेक्टर गाइडलाइन में शासन के द्वारा की गई वृध्दि है।बता दें कि शासन के द्वारा जमीनों के रजिस्ट्री के लिए नई गाइडलाइन को 20 नवंबर को लागू किया गया था। जिसके बाद शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के जमीनों की दरो में 400 प्रतिशत तक वृध्दि हो गई है।




नई गाइडलाइन को लेकर लोगों में कई तरह के भ्रम है। 20 नवंबर से पहले वाले लोग जिन्होंने टोकन कटाया है उनका पंजीयन पुराने नियमों की तहत किया जा रहा है।हालांकि शासन के द्वारा इस साल के लिए पंजीयन का कोई लक्ष्य अब तक निर्धारित नहीं किया गया है।

**दीपक कुमार,** उप पंजीयक

### 60 प्रतिशत तक बढ़ी, शहर में ज्यादा प्रभाव

शासन स्तर पर करीब 8 सालों के बाद जमीनो की कीमत मे 60 प्रतिशत तक वृध्दि की गई है। जिसका सबसे अधिक प्रभाव शहरी इलाकों में हुआ है। वहीं ग्रामीण इलाकों में अब प्रति एकड कृषि भूमि खरीदनें करीब 75 लाख खर्च करनें होंगे। पहले सरकारी दर पर रजिस्ट्री शुल्क लगता था, बाकी लेन देन कच्चे में होते थे, लेकिन अब बाजार मूल्य से उपर पहुंचने के साथ ही कच्चे में लेन देन की प्रक्रिया पूरी तरह समाप्त हो चुकी है।

### एक माह मे 30 प्रतिशत की गिरावट

जिले में जमीनों की रजिस्ट्री में एक माह में ही 30 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। अक्टूबर माह मे जहां 6सौ से अधिक रजिस्ट्रीयां हुई थी, गाइडलाइन आनें के बाद वो अब 260 के करीब है। वहीं रायगढ जिले में औसतन हर रोज 15 से 20 रजिस्ट्रीयां प्रतिदिन होती थी वो भी अब कम होकर 8 से 9 हो चुकी हैं। विभाग का भी मानना है कि पहले की तरह अब लोग नहीं आ रहे हैं। आते भी हैं तो जानकारी लेकर वापस चले जाते हैं।

# पत्नी ने खाना बनाने से किया मना तो पति ने कर दी हत्या, 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पत्नी को खाना नहीं बनाउंगी कहना पति को इस कदर नागवार गुजरा कि उसने डंडे से पीट कर उसकी जान ले ली। इस मामले में कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई है।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना 11 नवंबर 2024 की है। खरसिया थानांतर्गत ग्राम पंचायत बाम्हनपाली निवासी कुशल चौहान पिता झाड़ूराम चौहान की पत्नी विमला चौहान शाम करीब 4 बजे अपने पड़ोसी अतर खडिया के घर में बैठी थी। कुशल चौहान दो बार आकर उसे खाना बनाने के लिए बुलाया लेकिन विमला नहीं गई। तीसरी बार जब वह आकर अपनी पत्नी को खाना बनाकर देने की बात कही तब उसकी पत्नी ने कहा कि आज से वह उसे खाना बनाकर नहीं देगी। इस बात से गुस्से में कुशल विमला को घसीटते हुए घर ले गया और कमरा बंद कर उसे बांस के डंडे से पीटने लगा। महिला लहूलुहान होने के बाद बेहोश होकर गिर गई। खून से लथपथ विमला को कुशल ने नहला कर खून धो दिया। आसपास गांव के अन्य लोग जमा हो गये थे तथा महिला को गंभीर हालत में देखकर डायल 112 को सूचना दी। महिला को उपचार के लिए खरसिया अस्पताल पंहुचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में खरसिया पुलिस ने आरोपी कुशल चौहान के




खिलाफ बीएनएस की धारा 103, 1 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। खरसिया न्यायालय से प्रकरण सुनवाई के लिए सत्र न्यायालय रायगढ़ पहुंचने पर जिला सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन ने उभयपक्ष की सुनवाई करते हुए प्रस्तुत किए गए साक्ष्य एवं गवाहों के आधार पर आरोपी कुशल चौहान को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103,1 के अपराध से दोष मुक्त करते हुए गैर इरादन हत्या की धारा 105 के अपराध का दोषी मानते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 100 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। इस प्रकरण में शासन की ओर से लोक अभियोजक पीएन गुप्ता ने पैरवी की।

## जीआरपी थाना में मामला दर्ज, शादी समारोह में शामिल होने झारखंड गया था परिवार

# ट्रेन से महिला का पर्स पार, रखी थी हीरे की अंगूठी और नकदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रही महिला का ट्रेन से पर्स पार हो गया। पर्स में हीरे की अंगूठी, सोने की चैन के अलावा अन्य आभूषणों सहित नकदी व मोबाइल था। घटना की रिपोर्ट पर रायगढ़ जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए उसकी पतासाजी शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर निवासी अरूण कुमार सिंह पिता रामायण सिंह 39 ने रायगढ़ जीआरपी थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी प्रियंका सिंह व दोनों बच्चों के साथ झारखण्ड के सासाराम वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वह बक्सर बिलासपुर एक्सप्रेस से वापस बिलासपुर आने के लिए आरा




स्टेशन आया था। ट्रेन 7 घंटे देरी से सुबह तकरीबन लगभग साढ़े 5 बजे आरा पहुंची । तब ए.1 में वे चढ़े और दोनों की बर्थ अलग-अलग होने पर उसकी पत्नी प्रियंका अपनी बर्थ के सिरहाने में पर्स रखकर बेटी के साथ सो गई थी। सफर के दौरान खुसरूपुर में ट्रेन खड़ी हुई तब प्रियंका सिंह की नींद खुली तो पर्स को सिरहाने से गायब देख उसके होश उड़ गये। उसने तत्काल अपने पति की सीट पर पहुंचकर उसे इस बात की जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने आसपास के बोगियों में खोजबीन किया लेकिन पर्स कहीं नहीं मिला। अज्ञात चोर चोरी करके फरार हो चुका था। अरूण सिंह ने घटना की जानकारी रेल मदद 139 के अलावा रेलवे स्टेशन एवं आसनसोल में आरपीएफ स्टाफ को दी। वहीं बिलासपुर पहुंचकर चोरी गये सामानों का बिल लेकर रायगढ़ जीआरपी थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अरूण सिंह द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया कि उसकी पत्नी प्रियंका सिंह के पर्स में हीरे की अंगूठी, सोने की दो अंगूठी, चैन, गले का हार, नथिया, मांगटीका, कंगन 4 नग, चांदी का करधनी, पायल, बिछिया, मोबाईल फोन के अलावा नकदी रकम 10 हजार रुपए नकद थे। इस प्रकार लगभग साढ़े 3 लाख की संपत्ति की चोरी हुई है। अरूण सिंह की रिपोर्ट पर जीआरपी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 सी के तहत अपराध दर्ज करते हुए उसकी पतासाजी में जुट गई है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### महेश्वरी भवन में जनजाति सुरक्षा मंच का सम्मेलन



**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से राउरकेला स्थित माहेश्वरी भवन में चेतना सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में ओराम किशान और मुंडा सहित कई जनजातीय समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दामो तिर्की ने की, जबकि मांगे एक्का मुख्य वक्ता और राजकुमार मांझी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विश्वंभर नाथ मिश्रा ने कार्यक्रम का संयोजन किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि कोई जनजातीय व्यक्ति धर्मांतरण कर ईसाई बनता है, तो उसे सरकारी नौकरियों में मिल रही आरक्षित कोटा सुविधा समाप्त कर दी जानी चाहिए। साथ ही धर्मांतरण निरोध विधेयक को कड़ाई से लागू करने तथा केंद्र सरकार द्वारा और भी सुदृढ़ कानून लाने की मांग रखी गई। आगामी जनगणना के दौरान किसी भी भ्रामक सूचनाओं से सावधान रहने पर जोर दिया गया।

### इंडो इंग्लिश स्कूल में वार्षिक खेल समारोह

**राउरकेला।** राउरकेला के बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम में इंडो इंग्लिश स्कूल का दो दिवसीय वार्षिक खेल समारोह स्पोर्टोपिया 6 दिसंबर को भव्य रूप से शुरू हुआ। उद्घाटन के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच सिबा प्रसाद मिश्रा थे। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल संस्थापक स्व. एमबी मुखर्जी को श्रद्धांजली दीप प्रज्वलन और ध्वजारोहण के साथ हुई। आकर्षक मार्च.पास्ट और खेल भावना की शपथ ने समारोह को औपचारिक स्वरूप दिया। किंडरगार्टन बच्चों की ड्रिल और रंगारंग नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रिंसिपल एमेरिटस श्रीमती मंजू मुखर्जी और प्रिंसिपल डॉ. के विश्वनाथ ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्रबंध समिति की सचिव श्रीमती कंचन मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। नर्सरी से कक्षा तक के 500 से अधिक विद्यार्थी विभिन्न ट्रैक, फील्ड और मजेदार इवेंट्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### आग से झुलसी एसडीएम कॉलेज की छात्रा

**राजगांगपुर।** सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर के लांजीबेरना में एक हृदय विदारक मामला सामने आया है। राजगांगपुर स्थित सरस्वती देवी महिला एसडीएम महाविद्यालय की इंटर की छात्रा लांजी बैरना आग से झूलस गईं। गंभीर हालत में राउरकेला के इस्पात जनरल अस्पताल आईजीएच में भर्ती है और 90 फीसद झूलस जाने से वह जीवन मृत्यु से जूझ रही है। परिवार के अनुसार, छात्रा शुक्रवार रात खाना खाकर घर में सोई हुई थी। रात लगभग 2 बजे अचानक उसके शरीर में आग लग गई। परिजन उसे किसी तरह बचाकर तुरंत अस्पताल ले गए, जहां सुबह 3.40 बजे उसे गंभीर अवस्था में भर्ती किया गया। वह स्वयं आग लगा कर अग्नि स्नान किया और उसे किसी ने जलाया, यह अभी खुलासा नहीं हों सका है। बीती रात वह किसी से फोन पर बात कर रही थी। इसी दौरान कोई विवाद होंने की बात कही जा रही है। राजगांगपुर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### किसानों से मिलने पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष



**सारंगढ़।** जिपं अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डे ने धान उपार्जन केंद्र लेन्धरा छोटे, कोसीर व रक्सा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने दोनों केंद्रों में चल रही धान खरीदी का जायजा लिया और उपस्थित किसानों से बातचीत की। किसानों ने अपनी समस्याएँ साझा करते हुए टोकन लिमिट बढ़ाने की मांग रखी। किसानों ने कहा कि इस वर्ष व्यवस्था सुचारू है उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा है। अधिकांश किसान धान खरीदी की प्रक्रिया से संतुष्ट दिखाई दिए। जिपं अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय ने दोनों केंद्रों के अधिकारियों एवं सोसायटी पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होए सभी व्यवस्थाएँ समय पर और पारदर्शिता के साथ की जाएँ। उन्होंने कहा कि धान खरीदी सरकार की महत्त्वपूर्ण योजना है और किसानों की सुविधा सर्वोपरि है।

### कलेक्टर ने दिया कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने बैंकर्स और वेंडर्स के साथ संयुक्त बैठक किया। उन्होंने बैंकर्स और वेंडर्स को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ दिलाएं। साथ ही लक्ष्य को पूरा करने में बैंकर्स और वेंडर्स आपस में अच्छा समन्वय से काम करें।

# प्राथमिक शाला में बच्चों के हाथों में किताब की जगह गोबर और भारी बर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

- गोबर उठाते व ढोते छात्राओं का वीडियो वायरल





छत्तीसगढ़ सरकार 'सब पढ़े, सब बढ़े' और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के चाहे जितने भी दावे कर ले, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जिले के पत्थलगांव विकासखंड से एक ऐसा मामला सामने आया है जो न केवल शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि बाल अधिकारों का भी खुला उल्लंघन है।

ताजा मामला पत्थलगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत खजरीढाब स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में स्कूल की ड्रेस पहने छोटी-छोटी बच्चियां सड़क पर भारी बाल्टी में गोबर और अन्य सामग्री ढोती हुई नजर आ रही हैं। वहीं, स्कूल परिसर के भीतर छोटे बालक भारी-भरकम बर्तन उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ स्कूल के समय में हो रहा है, जब इन बच्चों के हाथों में कलम और किताब होनी चाहिए थी। वीडियो में जब राहगीरों ने बच्चियों से पूछा कि उन्हें किसने भेजा है, तो उन्होंने दबी जुबान में स्कूल की 'मैडम' का नाम लिया। यह स्पष्ट करता है कि शिक्षकों के आदेश पर ही बच्चों को स्कूल परिसर से बाहर काम करने भेजा गया था। शासकीय स्कूलों में साफ-सफाई, खाना बनाने और अन्य कार्यों के लिए शासन द्वारा रसोइया और चपरासी (भृत्य) की नियुक्ति की जाती है। इसके बावजूद, खजरीढाब प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षकों को न तो कानून का डर है और न ही उच्च अधिकारियों का। बच्चों को पढ़ाई करवाने के बजाय उनसे मवेशियों का गोबर मंगाना और भारी बर्तन उठवाना बाल श्रम और 'शिक्षा के अधिकार अधिनियम' का सीधा उल्लंघन है।

### अभिभावकों और ग्रामीणों में आक्रोश

इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपने बच्चों को स्कूल पढ़ने के लिए भेजते हैं, न कि गोबर ढोने और मजदूरी करने के लिए। स्कूल प्रबंधन की इस लापरवाही से बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता दिख रहा है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

वायरल वीडियो ने स्कूल प्रबंधन की पोल खोलकर रख दी है। अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं। क्या उन शिक्षकों पर कोई कार्रवाई होगी जो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।या फिर यह मामला भी जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

### की जाएगी कार्रवाई

नौनिहालों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसी को आधार मानकर संबंधित शिक्षक को नोटिस जारी कर स्पस्टीकरण मांगा गया हैं। उनके प्रस्तुत जवाब के आधार पर उच्चअधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**वेदानंद आर्य, बीईओ पत्थलगांव।**

## 2 करोड़ की सड़क में मुरुम की जगह खेत की मिट्टी और पेवर मशीन की जगह ग्रेडर से लीपापोती

# आजादी के 76 साल बाद मिली सड़क वह भी चढ़ी अनियमितता की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

- इंद्रानगर से फरसटोली तक 1.99 करोड़ की लागत से बन रही सड़क



ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए शासन भले ही करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रहा हो, लेकिन मैदानी स्तर पर ठेकेदारों की मनमानी और अधिकारियों की सुस्त कार्यप्रणाली ने सरकार की मंशा पर पानी फेर दिया है। ताजा मामला विकासखंड फरसाबहार के दक्षिणी क्षेत्र कोल्हेंझरिया का है, जहां आजादी के 76 वर्षों बाद बन रही बहुप्रतीक्षित सड़क अनियमितता की मार झेल रही है।

पीडब्ल्यूडी की देखरेख में इंद्रानगर (कोल्हेंझरिया) से पत्थलगांव विकासखंड के फरसाटोली तक लगभग 2 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसकी लागत करीब 1 करोड़ 99 लाख रुपये है। यह सड़क दो विकासखंडों को जोड़ने वाली जीवनरेखा है, जिसका इंतजार ग्रामीण दशकों से कर रहे थे। लेकिन मौके पर चल रहा निर्माण कार्य ग्रामीणों की उम्मीदों को तोड़ने वाला साबित हो रहा है। निर्माण स्थल पर मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सड़क को मजबूत बनाने के लिए बेस में अच्छी गुणवत्ता का मुरुम डाला जाना चाहिए, लेकिन ठेकेदार द्वारा पैसे बचाने के लालच में आस-पास के खेतों की मिट्टी खोदकर सड़क में पाटी जा रही है। जानकारों की मानें तो मिट्टी से बनी यह सड़क पहली बारिश में ही कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाएगी।

### नियमों को ठेंगा

शासकीय नियमों के अनुसार, सड़क निर्माण में (वाटर बाउंड मैकॅडम) और जीएसबी लेयर बिछाते समय 'पेवर मशीन' का उपयोग अनिवार्य है। पेवर मशीन से सड़क की मोटाई और सतह एक समान रहती है और सड़क टिकाऊ बनती है। परन्तु मौके पर हकीकत कुछ और है। ठेकेदार बेखौफ होकर पेवर मशीन की जगह 'ग्रेडर मशीन' से ही गिट्टी और मिट्टी फैलाकर खानापूर्ति कर रहा है। इससे न तो सड़क का कम्पैक्शन सही हो रहा है और न ही फिनिशिंग आ रही है।

### गुणवत्ता परीक्षण की कोई व्यवस्था नहीं

ग्रामीणों का आरोप है कि साइट पर क्वालिटी कंट्रोल की कोई व्यवस्था नहीं है। लैब टेस्टिंग नदारद है। यह सब कुछ विभागीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत की ओर इशारा करता है। जनता के टैक्स के पैसे (1.99 करोड़) का ऐसा दुरुपयोग देख ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।



### जानकारी लेता हूं: सिंह

पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर ओपी सिंह ने कहा कि ठेकेदार को पेवर मशीन लगाने के लिए कहा गया था। मैंने उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया है। ठेकेदार ने मशीन क्यों नहीं लगाई, इसकी जानकारी लेता हूं।

### ग्रामीणों की चेतावनी

किसानों, छात्रों और मरीजों के लिए जीवनदायिनी बनने वाली यह सड़क अगर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी, तो ग्रामीण चुप नहीं बैठेंगे। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से काम को रुकवाकर तकनीकी जांच कराई जाए और पेवर मशीन के बिना किए गए कार्य को उखाड़कर पुनः निर्माण कराया जाए।

### कुछ महीनों में ही उखड़ जाएगी

तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि ग्रेडर मशीन का काम केवल मिट्टी या गिट्टी फैलाना होता है, जबकि पेवर मशीन सामग्री को एक निश्चित घनत्व और मोटाई में सेट करती है। बिना पेवर के बनी सड़क पर जब भारी वाहन चलेंगे, तो वह तुरंत दब जाएगी और गिट्टी उखड़कर बाहर आ जाएगी। 2 करोड़ की सड़क का यह हाल सरकारी खजाने की खुली लूट है।

## भारतीय कुटुंब व्यवस्था को नारी शक्ति मजबूत करेगी : सावित्री




**सरिया।** विद्या भारती की ओर से संचालित सरस्वती शिशु मंदिर सरिया में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति के माध्यम से कुटुंब व्यवस्थाए पर्यावरण संरक्षण और संस्कृति के प्रति मातृशक्ति के दृष्टिकोण को सशक्त रूप से स्थापित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर पूरे भारत में विद्या भारती के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर के माध्यम से नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में सरिया में भी उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि सावित्री डनसेना ने कहा कि भारतीय कुटुंब व्यवस्था के महत्व को मातृशक्ति ही मजबूत बनाएगी। माता और महिलाओं के माध्यम से ही बालक का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति में आत्म गौरव, संस्कृति चेतना और पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रबल करना। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर के उक्त सामाजिक कार्य की सराहना करते कहा कि नारी शक्ति ही समाज को आगे बढ़ाने में मुख्य योगदान निभाएंगे। दुनिया की आधी आबादी महिलाओं की है। उन्होंने महिला शक्ति के महत्व को दर्शाते हुए कहा कि समाज शिक्षा व परिवार के समग्र विकास के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना बहुत जरूरी है। इसी उद्देश्य को लेकर आज बड़ी संख्या में सरस्वती शिशु मंदिर सरिया में नारी शक्ति एकत्र हुए हैं। यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम भी है। जो भारतीय महिलाओं की शक्ति और समाज के निर्माण में उनकी अहम भूमिका पर केंद्रित है। कार्यक्रम में सम्मानीय महिला अतिथियों ने अपने.अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किया तथा सरस्वती शिशु मंदिर में विविध कार्यक्रम आयोजित कर समाज में महिलाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

## राष्ट्रीय राजमार्ग 520 पर हादसा, दो दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत



**राउरकेला।** केंदुझर जिले की जीवनरेखा माने जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 520 पर शुक्रवार शाम दो अलग-अलग सड़क हादसों ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। कुछ ही घंटों के अंदर हुए इन हादसों में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक जगह हाईवा और दूसरी जगह ट्रेलर के बाइक पर चढ़ जाने से यह दुर्घटनाए हुईं, जिससे राजमार्ग एक बार फिर रक्तरंजित एन एच 520 कहलाने पर मजबूर हो गया है। शुक्रवार की शाम लगभग 6.45 बजे रुगुडी थाना क्षेत्र के गंधलपदा के पास पहला हादसा हुआ। कोइडा से जन्मदिन के लिए केक खरीदकर लौट रहे ध्रुव चरण नायक की मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार हाईवा ऑडो 14 एएफ 7328 ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ध्रुव की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी दुर्घटना जोड़ा थाना क्षेत्र के कलापहाड़ के पास घटी। घर लौट रहे तीन युवक मोटरसाइकिल पर सवार थे कि अचानक एक तेज रफ्तार ट्रेलर जेएच 05 बीएस 6517 ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान शंकर बाहादुर उम्र 45 वर्ष, टुनु पात्र उम्र 36 वर्ष व राजदेव सिंह उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई। तीनों जोड़ा वार्ड नंबर एक के निवासी हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए टाटा मेडिकल भेज दिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं से एन एच 520 पर स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश साफ देखा जा रहा है। क्षेत्र में शोक की लहर है और लोग सड़कों पर सुरक्षा उपायों की माँग कर रहे हैं।

## एसएसबी शिक्षक शिक्षिकाओं का विरोध प्रदर्शन



**राउरकेला।** राज्य चयन बोर्ड, ओडिशा द्वारा नियुक्त 488 श्रेणी के महाविद्यालय स्तर के शिक्षक शिक्षिकाओं को ओडिशा एजुकेशन सर्विस एक्ट 1969 और 1974 के तहत विभिन्न महाविद्यालयों में नियुक्त किया गया था।

लेकिन इन नियमों के अनुसार न तो उन्हें पदनाम दिया जा रहा है, न ही वेतन का भुगतान किया जा रहा है। उल्लेखित नियमों में नियुक्ति के 8 वर्ष पूरे होने पर प्रथम पदोन्नति का प्रावधान होने के बावजूद, वर्ष 2016 में नियुक्त शिक्षक शिक्षिकाओं को अभी तक पदोन्नति प्रदान नहीं की गई है। सरकारी महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की तरह ये सभी समान कार्य करते हुए भी उन्हें सरकारी मान्यता, सहायक प्रोफेसर का पदनाम, मकान भत्ता एवं अन्य सुविधाएँ नहीं मिल रही हैं। इन सभी कारणों से शिक्षक शिक्षिकाएँ लंबे समय से ओडिशा स्टेट सेलेक्शन बोर्ड लेक्चरर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में शांतिपूर्वक अपनी मांगें सरकार के समक्ष रख रहे हैं। ओसला की केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा 6 दिसंबर 2025 को लोअर भुवनेश्वर में एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। छात्र छात्राओं के व्यापक हित तथा। जैसी सरकारी परीक्षाओं में निरीक्षक के रूप में ड्यूटी रहने के कारण कई शिक्षक शिक्षिकाएँ भुवनेश्वर के विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सके। इसलिए उन्होंने महाविद्यालय स्तर पर काला मुखौटा पहनकर । के आंदोलन को समर्थन देते हुए त्रुटिपूर्ण नियमों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

## खरसिया ब्लॉक की पंचायतों में विकास कार्य ठप ग्रामीणों ने कलेक्टर से मिलकर लगाई गुहार



**रायगढ़।** खरसिया ब्लॉक में ग्राम पंचायतों के विकास कार्य लगभग एक साल से रुके पड़े हैं। पंचायती फंड और 15वें वित्त आयोग की राशि जारी न होने से ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य ठप हो गए हैं। इसी समस्या को लेकर कई पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की है। दरअसल खरसिया ब्लॉक के किरितमाल, रजघटा, भेलवाडीह, जबलपुर, मौहापाली, डोमनारा, भूपदेवपुर, दर्री, मुरा, बिंजकोट सहित करीब 40 ग्राम पंचायतों को न तो मूलभूत और न ही 15वें वित्त आयोग की राशि दी गई हैए जिससे गावों में भूमि समतलीकरण, बाड़ी विकास, मनरेगा और नरेगा के काम, रोड, मुक्तिधाम, सामुदायिक भवन निर्माण जैसे मूलभूत प्रोजेक्ट रुके हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ये सभी गांव उद्योग प्रभावित क्षेत्र में आते हैं, इसके बावजूद कंपनियों की सीएसआर राशि से भी कोई विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार जब कंपनी प्रबंधन से बात की जाती है तो केवल मौखिक आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि लंबित फंड की तत्काल मंजूरी दी जाए। उद्योग प्रभावित गांवों में सीएसआर मद से विकास कार्य सुनिश्चित कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रायगढ़ का एक गांव बनेगा सोलर मॉडल विलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- जिला स्तरीय चयन समिति ने शुरू की चयन प्रक्रिया, 10 सर्वाधिक आबादी वाले ग्रामों में अगले छह माह चलेगी प्रतिस्पर्धा

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले में एक ग्राम को पूर्णतः सौर ऊर्जा आधारित सोलर मॉडल विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। इस दिशा में जिला स्तरीय चयन समिति ने औपचारिक रूप से चयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिले के उन्हीं ग्रामों को प्रतिस्पर्धा में शामिल किया जाएगा, जिनकी जनसंख्या 5 हजार से अधिक है। चूंकि जिले में इस श्रेणी के ग्राम सीमित संख्या में हैं, इसलिए प्रशासन ने सर्वाधिक जनसंख्या वाले 10 ग्रामों का चयन कर उन्हें छह माह की प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया में शामिल करने का निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार को गति देने के लिए जिलों को निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर सौर ऊर्जा लक्ष्य को धरातल पर साकार किया जा सके। रायगढ़ जिले में केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के अनुसार जिले में प्रतियोगिता के लिए चयनित 10 ग्राम ग्राम पंचायतों में घरघोड़ा विकासखंड का ग्राम कुडुमकेला, तमनार विकासखंड का ग्राम तमनार, रायगढ़ विकासखंड का ग्राम खैरपुर, धरमजयगढ़ विकासखंड का ग्राम विजयनगर, तमनार विकासखंड का ग्राम तराईमाल, लैलूंगा विकासखंड का ग्राम गहनाझरिया, पुसौर विकासखंड का ग्राम गढ़मरिया, धरमजयगढ़ विकासखंड का ग्राम छाल, पुसौर विकासखंड का ग्राम सिसरिंगा और पुसौर विकासखंड का ग्राम कोडातराई। इन्हीं ग्रामों में से एक ग्राम जिले का पहला सोलर मॉडल विलेज बनेगा। जिले के सभी विकासखंड से ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। इन ग्रामों में अब अगले छह माह तक सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने, जनजागरूकता अभियान चलाने, घरेलू एवं सामुदायिक सौर संयंत्रों की स्थापना, तथा योजनाओं के लिए ग्रामीणों द्वारा किए जाने वाले आवेदनों की सतत समीक्षा की जाएगी। इस प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक चयनित ग्राम में आदर्श ग्राम समिति गठित की जा रही है, जिसमें सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, डॉक्टर, कृषि विस्तार अधिकारी तथा संबंधित शासकीय अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल होंगे। यह समिति डोर.टू.डोर संपर्क कर ग्रामीणों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। साथ ही पीएम कुसुम योजना, जल जीवन मिशन के सोलर ड्यूल पंपए सोलर हाईमास्ट, सोलर स्ट्रीट लाइट तथा अन्य नवीकरणीय ऊर्जा आधारित व्यवस्थाओं की जानकारी भी प्रदान करेगी।

### सिविल डिफेंस व होम गार्ड्स का वार्षिक एवं रेज़िंग डे पर कैडेटों ने किया शानदार प्रदर्शन

**राउरकेला।** सिविल डिफेंस एवं होम गार्ड्स संगठनों का वार्षिक सह रेज़िंग डे समारोह रिज़र्व ग्राउंड, रिज़र्व पुलिस लाइन, राउरकेला में वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बृजेश कुमार राय, आईपीएस, उप पुलिस महानिरीक्षक, राउरकेला ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में सुश्री धीना दस्तगीर, आईएएस, अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं अतिरिक्त नियंत्रक, सिविल डिफेंस, राउरकेला तथा नितेश वधवानी, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक बनउ कमान्डेंट, होम गार्ड्स, राउरकेला भी उपस्थित रहे। सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि ने संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। मार्च पास्ट के उपरांत उन्होंने संबोधन दिया। मुख्य अतिथि का विस्तृत संबोधन एवं संदेशों का वाचन किया गया।इसके बाद विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## कलेक्टर ने दानसरा उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण



**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने धान उपार्जन केन्द्र दानसरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने वहां किसानों से व्यवस्था व सुविधा के संबंध में बात कियें और ढेरी किए धान से नमी जांच कराया, जो सही पाया। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक को उसी दिन सिलाई कराए किस्म के अनुसार अलग अलग स्टेकिंग करने व बरसात से धान को ढंकने के लिए तिरपाल की जानकारी ली। कलेक्टर ने सीसीटीवी कैमरा, पेयजल, प्रकाश, शौचालय आदि सुविधा का अवलोकन किया। कलेक्टर ने वास्तविक किसानों से धान खरीदी करने और बिचौलियों के धान की हर स्तर पर जांच करने के निर्देश दिए। इस दौरान खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रेए खाद्य सहायक अधिकारी विद्यानंद पटेल उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के दिशा निर्देश पर धान खरीदी के दौरान जिले के अधिकारी कर्मचारी पूरे जिले में बड़ी मुस्तैदी से काम कर रहे हैं। जिन्होंने 3770 क्विंटल, राशि 1.16 करोड़ रूपए का अवैध धान भंडारण, परिवहन कर रहे वाहन सहित जब्त किए।



# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

लाइफ Style

# ऐश्वर्या

## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।

डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।




हॉलीवुड मसाला




# एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।




# शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

**लॉस एंजिल्स।** 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



# एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



# द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

टीवी मसाला



# महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलती रहती हूं।' इस पर सभी हंसते हैं। दूसरे टैग में दिखाया जाता है 'एंग्री यंग वुमेन'। इस पर हरमनप्रीत कौर कहती हैं 'एंग्री का तो पता नहीं पर यंग वुमन ठीक है।' अगले टैग में दिखता है 'सुरों के सरताज।' इस पर सब अमोल मजूमदार का नाम लेते हैं। इसके बाद अमोल मजूमदार स्टेज पर आकर गाना गाते हैं। शो में एक खास मौके पर अमिताभ ने टीम को जंक फूड खाने के लिए चिढ़ाया, खासकर टूर्नामेंट के दौरान। जवाब में, शेफाली ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है।

## 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' 19 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** चर्चित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे। इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। बता दें कि इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं।



# 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

**मुंबई।** गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

### शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।



### धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*

### सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

# शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा



**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया,'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।

## कंटेंट रहा कमजोर, मेगा स्टार्स भी नहीं लगा पाए नैया पार

# इस साल बड़े बजट की फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर बत्ती हुई गुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 बॉलीवुड के लिए बेहद दिलचस्प रहा। जहां एक ओर छोटे बजट की कहानियों ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कमाई कर सभी को चौंका दिया, वहीं दूसरी ओर दिग्गज सितारों की बड़ी-बड़ी फिल्में बुरी तरह धराशायी हो गईं। करोड़ों के बजट पर खड़े किए गए कई मेगा प्रोजेक्ट उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। कंटेंट कमजोर रहा, ऑडियंस कनेक्शन नहीं बन पाया और सितारों का चमकता स्टारडम भी टिकट विंडो पर फिल्मों को नहीं बचा सका। इस साल की फ्लॉप लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई बड़े नाम शामिल हैं।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की महत्वाकांक्षी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज से पहले काफी सुर्खियां मिलीं, लेकिन सिनेमा हॉल में कहानी टिक नहीं पाई। इंदिरा गांधी पर आधारित यह बायोपिक विवादों में फंसने के बाद चर्चा तो बटोर गई, लेकिन कमाई आधे रास्ते में ही ठहर गई। करोड़ों झोंकने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ गई।

### देवा

शाहिद कपूर की देवा ने ट्रेलर रिलीज के समय जबरदस्त उत्सुकता जगा दी थी। लेकिन, फिल्मों में ट्रेलर का आकर्षण तब तक ही टिकता है जब कहानी दर्शकों को बांधकर रखे। यही कमी देवा में नजर आई। बजट भारी था, कमाई उसकी छाया भी नहीं छू पाई। भारत में इस फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 34.37 करोड़ का रहा।



### सिकंदर

ईद रिलीज मानी जाती है गोल्डन स्लॉट, लेकिन सलमान खान की सिकंदर इस साल'ईद मैजिक का लाभ नहीं उठा पाई। फिल्म का बजट बेहद बड़ा था, लेकिन कहानी साधारण और स्क्रीनप्ले औसत होने के कारण दर्शकों ने इसे एक हफ्ते बाद ही नज़रअंदाज़ करना शुरू कर दिया।

### वॉर 2

वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद इसके सीक्वल से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की स्टारकास्ट भारी थी, बजट उससे भी भारी, लेकिन फिल्म दर्शकों को पकड़ नहीं पाई। भारीभरकम बनावट और कमजोर कहानी- यही इसकी हार का सबसे बड़ा कारण बना। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ के करीब था, लेकिन भारत में कमाई सिर्फ 222.35 करोड़ की रही।

### सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्मों का लंबे समय से अलग फैन बेस रहा है, लेकिन सन ऑफ सरदार 2 इस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मल्टी-स्टार कास्ट और बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच ही नहीं पाई। हंसी के बिना कॉमेडी का स्वाद फीका हो जाता है, यही फिल्म की असफलता का पलड़ा भारी कर गया। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 60.90 करोड़ बटोरे।

### बागी 4

टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की बागी 4 एक्शन प्रेमियों के लिए बनाई गई थी, लेकिन फ्रेंचाइजी की यह किस्त गहराई और नईपन की कमी के कारण पिछली हिट फिल्मों जैसा असर छोड़ने में नाकाम रही। एक्शन बहुत था, भावनाएं बहुत कम और दर्शक अब सिर्फ स्टंट से नहीं, कहानी से भी जुड़ना चाहते हैं। करीब 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 52.77 करोड़ ही कमा पाई।

### 2025 की बाकी बड़ी फ्लॉप्स

राम चरण-कियारा आडवाणी की गेम चेंजर, राजकुमार राव की मालिक, सिद्धांत–तृप्ति की धड़क 2, सोनू सूद की फतेह, द बंगाल फाइल्स, आजाद, अर्जुन कपूर की मेरे हस्बैंड की बीवी, जुनैद–खुशी कपूर की लवयापा, ग्राउंड जीरो- ये सभी फिल्में बजट के हिसाब से उम्मीदें पूरी नहीं कर पाईं। साल भर में बार-बार यही साबित हुआ- अब दर्शक सिर्फ स्टार नहीं, बेहतर कंटेंट चुन रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### डीईओ ने किया गर्ल्स मिडिल स्कूल का निरीक्षण

**घरघोड़ा।** जिला शिक्षा शिक्षा अधिकारी केव्ही राव ने शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए संचालित कक्षाओं में छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए भाषा गणित विज्ञान से संबन्धित प्रश्न पूछे। विद्यालय में क्रियान्वयन किए जा रहे स्कूली योजनाओं का अवलोकन किया। कन्या माध्यमिक विद्यालय केंद्र घरघोड़ा में संचालित प्रयास परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हेतु निरन्तर प्रयास करने के लिए छात्राओं से चर्चा करते हुए उनको प्रोत्साहित किया। जिला शिक्षा अधिकारी को अपने मध्य विषयों से चर्चा करते हुए छात्राओं के मध्य उत्साह का वातावरण बना एवं छात्राओं ने भी उनके पूछे गए प्रश्नों के उत्तर तत्परता से देने का प्रयास किया। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी छात्रवृति शैलेन्द्र कर्ण समग्र शिक्षा के एपीसी भुवनेश्वर पटेल एवं संस्था के प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा एवं नरेंद्र चौधरी उपस्थित रहे।

### अभिनव स्कूल के छात्र बने वालीबाल में चैंपियन

**पुसौर।** अभिनव विद्या मंदिर उमावि पुसौर ने ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अंतर्विद्यालयीन खेल स्पर्धा 2.0 में व्हालीबाल में शाउमा सराईपाली को 2.0 से हराकर चैम्पियन बना। व्यायाम निर्देशक राहूल वैष्णव ने बताया कि व्हालीबाल में कुल 16 टीम हिस्सा लिए थे। अभिनव विद्या मंदिर के खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर फायनल में जगह बनाई। अभिनव विद्या मंदिर के खिलाड़ी में अभिषेक गुप्ता पीयुष सरल सतीश गुप्ता कृष्णा प्रधान रूपेश भोय समीर बारीक नरेश भोय वेद प्रकाश सेठ ने अपना उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन कर अभिनव विद्या मंदिर को फायनल मैच में विजय दिलायी। साथ ही साथ अभिनव विद्या मंदिर पुसौर बिजनेश क्वीज प्रतियोगिता में 12वीं वाणिज्य संकाय लखन डनसेना एवं प्रिंस सिदार तृतीय स्थान पर रहे। इस अंतर्विद्यालयीन खेल स्पर्धा में बच्चों के साथ ओपी जिंदल युनिवर्सिटी में विद्यालय के शिक्षक जगन्नाथ प्रधान, राहूल वैष्णव, कु. ललिता पटेल उपस्थित रहे।

### गोतमा में किया गया उड़िया भागवत पाठ

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के ग्राम गोतमा को भागवत गाने, गुरूगोविन्द करने सहित सनातन संस्कृति को नियमित रूप से बरकरार रखने के लिये जाना जाता है। चूंकि इस ग्राम में प्रतिवर्ष क्षेत्र के सभी भागवत प्रेमियों को निमंत्रित कर उनसे भक्ती गीत सुनते हैं। इस प्रकार पूरा ग्राम भक्ति के माहौल में सराबोर रहता हैं। इससे इतर यहां के लोग अपने अपने श्रद्धा अनुसार भी निजी तौर पर अपने अपने घर में भी गायकों को बुलाकर ओडिशा भागवत के एकादश स्कंद अथवा नवम स्कंद का सस्वर पाठ कराते हैं जिसमें आस पडोस के लोग शामिल रहते हैं। इसी कड़ी में जोगेश्वर गुप्ता के यहां उडीया भागवत के एकादशकंद का पाठ किया गया। जिसमें आसपास के गायक गण अपनी अपनी गायकी कला के साथ भक्ति का भी प्रदर्शन किया।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लक्ष्मी पति रामभरोष निवासी खरवानी तह. बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के हक अधिकार व कब्जे में मौजा कनकडीपा प.ह.नं. 30 तह. बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में स्थित खसरा नंबर 162/2 रकबा 0.121 हे. भूमि को विक्रेता रूपसेन पिता धनेसराम अघरिया निवासी कनकडीपा तह. बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ ने पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 19.07.2018 जिसका ग्रथ क्रमांक अति 1/6630 दस्तावेज नंबर 1169 को श्रीमती लक्ष्मी पति रामभरोष निवासी खरवानी तह. बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को विक्रय किया गया था उक्त बयनामा की असल प्रति कही गुम हो गई काफी खोजबीन के बाद नहीं मिल पा रही है इसलिए उसकी सत्य प्रति उप पंजीयक कार्यालय सारंगढ़ से निकाली गई है उपरोक्त बयनामा की असल कापी कही गुम हो गई है|

अत: उक्त गुम हुए विक्रय विलेख दिनांक 19.07.2018 जिसका ग्रथ क्रमांक अति 1/6630 दस्तावेज नंबर 1169 तथा उपरोक्त सम्पति से संबंध में किसी भी व्यक्ति या बैंक वितीय या गैर वितीय संस्था या कोई अन्य किसी भी प्रकार का हक दावा संबंधी कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनांक के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर अपत्ति प्रस्तुत करें मियाद अवधि के पश्चात कोई भी दावा आपत्ति शुन्य व अवैध मानी जायेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी इसलिए आम जनता को सूचना दिया जा रहा है।

दिनांक 05.12.2025

सूचनाकर्ता का हस्ताक्षर
Smt. Sanuja Agrawal
W/o Shri Vishnu Kumar Agrawal
R/o. Baramkela,
Tah. - Baramkela,
Distt. Sarangarh- Bilaigarh (C.G.)
अधिवक्ता वास्ते - विष्णु अग्रवाल
राजेन्द्र कुमार आचार्य

### लिमिट बढ़ाने की उठ रही मांग, विधायक उत्तरी जांगड़े पहुंचीं समर्थन में

# संकट में किसानों का टोकन, हंगामा के साथ सड़क पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

**खास बातें**
- कलेक्टर को पत्र लिखकर खरीदी लिमिट बढ़ाने की मांग

सेवा सहकारी समिति कोसीर के उप धान खरीदी केंद्र रक्शा में शनिवार को टोकन काटने में आ रही समस्या को लेकर सैकड़ों किसान आक्रोशित हो गए। किसानों ने पहले मंडी के पास कोसीर सारंगढ़ मार्ग पर चक्का जाम करने के उद्देश्य से बैठ गए थे। सूचना मिलते ही कोसीर पुलिस मौके पर पहुँची और किसानों को समझाइश दी, जिसके बाद सभी धान खरीदी केंद्र में पहुंचे। इसी बीच सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े भी किसानों के समर्थन में मौके पर पहुंचीं।

उन्होंने केंद्र में मौजूद कर्मचारियों को सभी किसानों के टोकन जारी करने के निर्देश दिए, परंतु कर्मचारियों ने सिस्टम की लिमिट का हवाला देते हुए एक साथ सभी किसानों के टोकन काटने में असमर्थता जताई। स्थिति बिगड़ते देख विधायक प्रतिनिधि गणपत जांगड़े ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से फोन पर चर्चा करते हुए तत्काल समाधान की मांग की। बातचीत के बाद कर्मचारियों ने किसानों के टोकन काटने की प्रक्रिया शुरू की। इसके बावजूद किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सोमवार तक खरीदी की सीमा और ऑनलाइन टोकन की लिमिट नहीं बढ़ाई गई, तो वे आंदोलन करने मजबूर होंगे।


उप खरीदी केन्द्र के बाहर प्रदर्शन करते किसान और समर्थन में पहुंची विधायक।

विधायक ने भी किसानों की समस्याओं को उचित बताते हुए कहा कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वह स्वयं किसानों के साथ आंदोलन में उतरेंगी। उन्होंने वर्तमान स्थिति के लिए शासन प्रशासन की उदासीनता को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि किसान अपनी मेहनत की फसल बेचने के लिए दर दर भटक रहे हैं। किसानों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए विधायक जांगड़े ने कलेक्टर को पत्र लिखकर ऑफलाइन टोकन व ऑनलाइन टोकन कटने की लिमिट और धान खरीदी सीमा में तत्काल वृद्धि करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि व्यवस्था नहीं सुधरी तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तीव्र होगा।



## नए-नए फरमान से बढ़ी किसानों की समस्या, पनप रहा आक्रोश

**सारंगढ़।** सरकार और सेवा सहकारी समिति के नए-नए फरमान के कारण किसान बहुत परेशान है। इन समस्याओं को लेकर किसान आक्रोशित है धान बेचने के लिए टोकन काटने के लिए समिति को अधिकृत नहीं किया गया है। कहने को तो सरकार किसानों को सुविधा देने के लिए टोकन तूंहर हाथ नाम का ऐप लॉन्च किया है, लेकिन वह भी लगभग फ्लाप एप साबित हो रहा है। जिसको लेकर किसान काफी परेशान है। एप अक्सर खुलता ही नहीं है और जहां नेटवर्क नहीं है वहां के किसानों को परेशानी हो रही है। एप अगर खुल भी जाता है तो उसमें जो लिखा रहता है जो हिंट दिया जाता है उसको किसान समझ ही नहीं पाते हैं। जिसके कारण किसान भटकते रहते हैं। इसके साथ-साथ कई किसानों के रकबा काट दिए गए हैं तो कहीं धान के खेतों में किसी अन्य फसल की खेती लिख दी गई है जिससे किसानों के रकबा कट गए हैं। किसान पटवारी तहसीलदार और सहकारी समिति के चक्कर लगा लगाकर परेशान हो गए हैं। पूर्व में दो से दो हजार क्विंटल खरीदी का लिमिट सहकारी समितियों को दिया गया था और टोकन सहकारी समितियों मे ही कट जाती है। विपरीत इसके इस बार घटाकर उसे एक हजार क्विंटल कर दिया गया है। समितियों को टोकन काटने अधिकृत नहीं किया गया है जिससे किसा धान बिक्री का लेकर आशंकित हैं।

## बाल विवाह, नशा मुक्ति के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के लिए तथा बाल श्रम और नशा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। गैर सरकारी संगठन मिलकर लोगों खासकर बच्चों और युवाओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 एक्ट के बारे में बताने व इसके कानूनी प्रावधानों जैसे सज़ा और बालिकाओं के अधिकारों शिक्षा, स्वास्थ्य, पर जोर देने के लिए ताकि समाज में जागरूकता बढ़े और बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल हो सके।

जिसके लिए हाल ही में 100 दिवसीय अभियान भी शुरू किया गया है। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्राप्त निर्देशन पर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जितेंद्र जैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ तथा विशेष न्यायाधीश अध्यक्ष शहाबुद्दीन कुरैशी तालुका विधिक सेवा समिति घरघोड़ा के मार्गदर्शन पर व जिला अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में तालुका घरघोड़ा के पैरालीगल वालिंटियर बालकृष्ण, टीकम सिदार एवं लवकुमार चौहान द्वारा डोर टू डोर संपर्क अभियान कर अनेकों जगहों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज ग्राम नवापारा, घरघोड़ा कारगिल चौक, कंचनपुर, न्यायिक परिसर, खेल मैदान,बस स्टैंड घरघोड़ा, एवं आदि जगहों पर बाल विवाह के संबंध में अंतरराष्ट्रीय निशक्तजन के सम्बन्ध में विश्व मानवाधिकार दिवस के सम्बन्ध में, एवं नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया। पैरालीगल वालिंटियर द्वारा कानून से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी एवं पर्चे बांटे जिसमें लोगों को उनके अधिकारों के प्रति सशक्त बनानेए कानूनों को सरल भाषा में समझाकर उन्हें जागरूक करने और कानूनी प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर केंद्रित रहा।




### 10-12 वीं में ज्यादा अंक पाने वालों की सूची जारी

**रायगढ़।** क्षितिज अपार संभावनाएं योजनान्तर्गत जिले के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों की सूची जारी की गई है। ऐसे दिव्यांग छात्र छात्राओं को क्रमशः 2 हजार एवं 5 हजार रुपए एकमुश्त प्रोत्साहन राशि दी जाती है। सूची के संबंध में यदि किसी दिव्यांग छात्र छात्रा को आपत्ति हो तो वे समुचित प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण रायगढ़ में 12 दिसम्बर तक कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं में माध्यमिक परीक्षा कक्षा 10 वीं में अभिनव विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर रायगढ़ की छात्रा कु.सत्यरेखा भास्कर 95.5 प्रतिशत एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोरडा, घरघोड़ा के छात्र ओम गोपाल राठिया 79.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसी तरह उच्चतर माध्यमिक परीक्षा कक्षा 12 वीं में शाकउमावि लैलूंगा से कु. रूकमणी 94 प्रतिशत के साथ अन्य शामिल है।

## माइनिंग विभाग के अधिकारियों ने अवैध खनन कर रहे पोकलेन को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



माइनिंग विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कार्रवाई करते हुए सरिया तहसील के नौघटा-छैलफोरा क्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज डोलोमाईट के अवैध उत्खनन में संलिप्त पोकलेन मशीन पर जब्त की।

खनिज जांच नाका टिमरलगा के प्रभारी द्वारा गौण खनिज चूनापत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एआर 9418 पर जब्ती की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार शुक्रवार को अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए सरसींवा क्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज चूनापत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन (हाईवा) क्रमांक सीजी 09 जेएफ 9041 पर कार्रवाई करते हुए थाना सरसींवा के सुरक्षार्थ में दिया गया।

भटगांव क्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज रेत एवं चूनापत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 वाहन ट्रैक्टर पर कार्रवाई करते हुए थाना भटगांव के सुरक्षार्थ में दिया गया। बिलाईगढ़ क्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज चूनापत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन टीपर पर कार्रवाई करते हुए थाना बिलाईगढ़ के सुरक्षार्थ में दिया गया। यह कार्रवाई छ्त्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई।

### अभिनव विद्या मंदिर का जायजा लेने पहुंचे अपर संचालक

**पुसौर।** 5 दिसंबर को राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एंव प्रशिक्षण परिषद के अपर संचालक जेपी रथ अभिनव विद्या मंदिर उमावि पुसौर के आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे थे। इस अवसर पर दोनों माध्यम के प्राचार्य हिन्दी माध्यम से अक्षय कुमार सतपथी अंग्रेजी माध्यम से श्रीमती मंजूलता गुप्ता श्रीमती कामिनी शर्मा एवं अभिनव सतपथी ने उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया । श्री रथ स्कूल के दोनों माध्यम के बच्चों से भी मिले। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव एवं विद्यालय के समस्त स्टॉफ विद्यालय में उपस्थित रहे। श्री रथ द्वारा निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया एवं स्कूल व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर की।

## मृदा स्वास्थ्य दिवस पर हुआ किसान संगोष्ठी, दिया जैविक खेती का संदेश




**रायगढ़।** विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के सभाकक्ष तथा विकासखण्ड तमनार के ग्राम पड़िगांव में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता के साथ ही पड़िगांव में कृषक संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें 50 से अधिक प्रगतिशील किसान एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार प्रभावित हो रही है। इसलिए मृदा परीक्षण के अनुसार जैविक खाद एवं जीवांश पदार्थों का उपयोग जरूरी है। डॉ.केके पैकरा ने वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित उर्वरक मात्रा के अनुसार ही उपयोग करने पर जोर देते हुए कहा कि जैव उर्वरक पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संगोष्ठी का मुख्य संदेश मिट्टी एवं पानी जीवन के स्त्रोत की थीम पर केंद्रित रहा।

## ग्राम गोतमा में लगे आयुष स्वास्थ्य मेले में 605 मरीजों का हुआ उपचार

**पुसौर।** ग्राम गोतमा में विकास खण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभ आरंभ नगर पंचायत अध्यक्ष मानि मोहित सतपति सरपंच तनुजा गुप्ता, पूर्व सरपंच आशीष गुप्ता सरधाराम गौटिया अशोक गुप्ता घनश्याम पटेल हेमसागर प्रधान एवं अन्य जन प्रतिनिधियों ने भगवान धनवंतरी के छाया चित्र पर पुष्प गुछ अर्पित कर किए। सभी जन प्रतिनिधियों ने अपने अपने वक्तव्य में आयुर्वेद की महत्ता के बारे में लोगों को बताए।

आयुष विभाग द्वारा आयोजित मेले का उदेश्य यही है कि प्रत्येक व्यक्ति को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का लाभ मिल सके एवं आम जनता को अधिक से अधिक जागरूक किया जा सके। पुराने बीमारी से निजात दिलाने के लिए पुसौर में सभी प्रकार के पंचकर्म किया जाता है। शिविर में लगभग सभी प्रकार के बीमारी जैसे संधिवात आमवात चर्मरोग कास श्वास उदररोग अनिद्रा उच्चरक्तचाप मधुमेह स्त्रीरोग इत्यादि के रोगी पाए गए। शिविर में लोगों को जागरूक करने पंपलेट वितरण किए गए। शिविर में 502 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से एवं 103 लोगों का होमियोपैथि पद्धति से उपचार किया गया वही 145 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। दंत चिकित्सा नेत्र परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।




## पूर्व जिपं सदस्य आकाश पहुंचे धान खरीदी केन्द्र

**पुसौर।** किसानों को धान बिक्री में हो रही असुविधाओं को लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य व प्रदेश कांग्रेस सचिव आकाश मिश्रा पुसौर क्षेत्र के कई धान खरीदी केन्द्रों में जाकर किसानों से रूबरू हो रहे हैं। वहीं संबंधित प्रबंधक एंव संचालक मण्डल से भी बात कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक कुछ धान खरीदी केन्द्रों में वहां कार्य कर रहे लोगों के साथ ही किसानों के प्रति भी ऐसे रास्ते अपनाए गए हैं जो कि किसी भी प्रबंधन के खिलाफ जा सकता है।

ऐसी स्थिति निर्मित होने की संभावना को देखते हुए छिछोर उमरिया, पडिगांव, कोडपाली सहित अन्य उप केन्द्रों की भी मुआयना किया। जिसमें इन्होंने कहा कि किसानों के ये साल भर की कमाई होता है इसमें वह इलाज, रोज के दाल मसाला सब्जी, तेल, बच्चे का फीस कपडे, आदि का खर्च वहन करते है ऐसे स्थिति में किसान को अधिक से अधिक कैसे लाभ हो इसके लिए धान खरीदी केन्द्रों को आगे आने की जरूरत है। चूंकि शासन धान खरीदी के लिए कमीशन देती है, तौलाई के लिए पैसे देती है और छोटे बडे सभी खर्च जब शासन स्तर से हो रहा है तो किसान को उसके धान के एक एक दाना का पैसा उसके घर जाना चाहिए । ज्ञात हो कि शासन का यह निर्देश रहा है कि किसान धान लेकर केन्द्र आएगा उसके बाद उसका काम केन्द्र में नहीं है तौलाई भराई आदि सभी शासन के खर्च में होना है, 40 किलो कट्टे के तौल में सूखत के रूप में 400 ग्राम तक ही लेना है।

### बंदियों को एचआईवी संक्रमण के बारे कराया अवगत

# जिला जेल के कैदियों को दी गई विधिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला जेल रायगढ़ में विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़, स्वास्थ्य विभाग के टीम, जिला जेल रायगढ़ एवं एनजीओ निश्चय समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

जिला जेल रायगढ़ में निरूद्ध बंदियों को एचआईवी संक्रमण के बारे अवगत कराते हुए, इस बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए प्रयास करने के लिए जानकारी दिया गया। चिकित्सक द्वारा जेल मे निरूद्ध बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार के द्वारा जागरूकता शिविर में बंदियों को प्राप्त होने वाले निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह के विषय में विस्तार से जानकारी दिया गया। जेल में निरूद्ध बंदियों को आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत को देखते हुए, राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर कार्यक्रम में सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार, प्रतिधारक अधिवक्ता मुकेश गोयल, जेल अधीक्षीका शोभा रानी, जिला चिकित्सा से काउंसलर श्रीमती कान्ति तिवारी, पुष्पा पटेल, एवं लेब टेक्नीशियन मनोज प्रधान, प्रोग्राम मैनेजर रूमाबोस एवं हेमन्त तिवारी, तथा पैरालीगल वालिंटियर हरीश षडंगी, आयुश देवांगन, मोनू पटेल और जेल में निरूद्ध बंदी उपस्थित रहे।



